राजस्थान सरकार
**कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, राजस्थान**
**प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, राजस्थान, जोधपुर**
W-6 , गौरव पथ, रेजीडेन्सी रोड़, जोधपुर (राज॰) फोन 0291—2432290 / 5161120 फैक्स न0 2632329
Visit us: www.livelihoods.rajasthan.gov.in e-mail : dte.pvt.trg.raj@gmail.com

क्रमांकः प.सं.7(11) / प्र—1 / 1445 / 12711 दिनांकः— 07/6/2019

**आचार्य / अधीक्षक,**
राजकीय / निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
समस्त

उपनिदेशक (प्रशिक्षण)
क्षेत्रिय कार्यालय समस्त

विषयः— राजस्थान आईटीआई स्किल ऑलम्पियाड 2019 के आयोजन हेतु ।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि भारतीय स्किल डवलेपमेंट विश्वविद्यालय जयपुर के सहयोग से विभाग के द्वारा राजस्थान आईटीआई स्किल ऑलम्पियाड 2019 का आयोजन किया जाना है । इसके तहत 05 व्यवसायों में 03 चरणों में राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धा के माध्यम से राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ प्रतिभावान अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा । इस हेतु जून माह में 03 चरणों में प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया जायेगा तथा राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ प्रतिभावान अभ्यर्थी को विश्व कौशल दिवस दिनांक 15.07.2019 को राज्य स्तरीय सामारोह में पुरस्कृत किया जायेगा । इस संबध में राजस्थान आईटीआई स्किल ऑलम्पियाड 2019 (Knowledge partner BSDU) की समय—सारणी तथा निर्देश पत्र के साथ संलग्न कर लेख है कि तदनुसार राजस्थान आईटीआई स्किल ऑलम्पियाड 2019 की सफलतापूर्वक क्रियान्विति हेतु कार्य संपादित करें ।

प्रत्येक चरण की उचित क्रियान्विति के पश्चात सफल प्रतिभागियों की सूची से निदेशालय की प्रशिक्षण शाखा को प्रतियोगिता के दिवस से ही अवगत करायेगें ।

सलंग्न :1 राजस्थान आईटीआई स्किल ऑलम्पियाड 2019 की कार्ययोजना

2 प्रथम व द्वितीय चरण में आयोजित करने हेतु चयनित संस्थान / व्यवसाय की सूची

3 प्रथम चरण हेतु चयनित प्रत्येक व्यवसाय की 25 छात्र / छात्राओं की सूची

भवदीय,

निदेशक (प्रशिक्षण)

क्रमांकः प.सं.7(11) / प्र—1 / 1445 / 12712-714 दिनांकः—07/6/019
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. निजी सचिव, निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव महोदय, कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, जयपुर।
2. निदेशक, भारतीय स्कील डवलेपमेंट विश्वविद्यालय जयपुर ।
3. उपनिदेशक, RCVET, जोधपुर

निदेशक (प्रशिक्षण)

# Rajasthan ITI Skill Olympiad-2019

(Knowledge Partner BSDU Jaipur)

## परिचय :

राजस्थान राज्य में 229 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों तथा 1710 प्राईवेट संस्थानों के साथ देश में संस्थानों की संख्या एवं प्रवेश स्थानों के आधार पर द्वितीय स्थान रखता है । प्रदेश में राजकीय एवं प्राईवेट संस्थानों के माध्यम से 52 इंजिनियरिंग व्यवसाय (313640 प्रवेश स्थान) तथा 39 नॉन इंजिनियरिंग व्यवसाय (32926 प्रवेश स्थान) के साथ कौशल प्रशिक्षण में देश में महत्ती योगदान प्रदान कर रहा है ।

कौशल प्रदत्त छात्र/छात्राए प्रशिक्षण उपरांत राजकीय, सार्वजनिक उपक्रम तथा निजी उपक्रमों में अपने रोजगार प्राप्त कर रहें है तथा अनेक छात्र/छात्राए स्वरोजगार के क्षेत्र में भी अच्छा प्रदर्शन कर रहें है ।

कौशल हस्तांतरण में उन्नयन तथा अधिक प्रतियोगी बनाने हेतु कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग द्वारा BSDU (भारतीय स्कील डेवलपमेंट यूनीवर्सिटी) के सहयोग से Rajasthan ITI Skill Olympiad-2019 आयोजित करने जा रहा है ।

## उद्‌देश्य :

राजकीय एवं प्राईवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सर्वाधिक लोकप्रिय 3 इंजिनियरिंग व्यवसाय क्रमशः विद्युतकार, फिटर तथा वैल्डर एवं नॉन इंजिनियरिंग के दो व्यवसाय क्रमशः कोपा तथा कटिंग एवं स्वींग व्यवसायों में प्रशिक्षणार्थियों में कौशल प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी । चिन्हित पांचों व्यवसायों के प्रथम प्रयास में समस्त सेमेस्टर उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को तीन चरणों में परखा जाकर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले प्रशिक्षणार्थियों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जायेगा ।

Skill Olympiad-2019 से प्रशिक्षणार्थियों में आपसी प्रतिस्पार्धा की भावना जाग्रत होगी तथा कौशल अर्जन में अधिक दक्षता प्राप्त होगी ।

### 3 विवरण :

कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग एवं BSDU द्वारा राज्य स्तरीय व्यवसायों में Skill Olympiad-2019 का आयोजन तीन चरणों में आयोजित किया जायेगा ।

| क्र. सं. | चरण का नाम | प्रतिभागी की अर्हता | दिनांक | परिणाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Qualifier Round | चिन्हित व्यवसायों की जिलेवार मैरिट के प्रथम 25 छात्र (वही प्रशिक्षाणार्थी चयनित होगें जिन्होनें एक ही अवसर में सेमेस्टर परीक्षा उत्तीर्ण की हो व ग्रेस मार्क्स से उत्तीर्ण नहीं हुआ हो) सूची संलग्न है। संलग्न सूची के राजकीय/निजी संस्थानो के प्रतिभागियों को जिला समन्वय अधिकारी अपने स्तर से आमंत्रित करेगें । | 13-14 June 2019 | प्रत्येक व्यवसाय के प्रथम चार प्रशिक्षणार्भी संभाग स्तर के चरण हेतु पात्र होगें । |
| 2 | Challenger Round | Qualifier Round से चयनित समस्त जिलों के चिन्हित व्यवसायों के प्रत्येक जिले से 4 प्रशिक्षाणार्थी जिसकी सूची जिला समन्वय अधिकारी संभाग समन्वय अधिकारी को प्रेषित कर प्रतिभागियों सूचित करेगें। | 18-19 June 2019 | प्रत्येक व्यवसाय के प्रथम 3 स्थान पर रहने वाले प्रशिक्षणार्थी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु पात्र होगें । |
| 3 | Skill Icons Round | Challenger Round से चयनित समस्त संभागों के चिन्हित व्यवसायों के प्रत्येक संभाग से 3 प्रशिक्षाणार्थी प्रति व्यवसाय के संभाग समन्वय अधिकारी राज्य स्तर हेतु सूची BSDU को भिजवायेगें तथा प्रतिभागीयों को भी सूचित करेगें। | 24-25 June 2019 | 21 प्रशिक्षाणार्थियों में से प्रथम स्थान पर रहने वाला राज्य स्तरीय पर रहने वाला प्रतिभागी टोपर घोषित किया जायेगा । |

### 3.1 प्रथम चरण (जिला स्तरीय – Qualifier Round)

प्रथम चरण में जिला समन्वय अधिकारी के निर्देशन में जिले की राजकीय एवं प्राईवेट संस्थानों के चिन्हित 5 व्यवसायों के प्रथम प्रयास में सेमेस्टर उत्तीर्ण 25 छात्र/छात्राओं की जिला स्तरीय राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कौशल प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी । इस हेतु RCVET द्वारा पांचों व्यवसायों के जिला स्तरीय 25 छात्रों की सूची जिला स्तरीय संस्थान को उपलब्ध करवाई जा रही है । प्रत्येक जिले में संचालित जिला स्तरीय राजकीय संस्थान के प्राचार्य/अधीक्षक जिला समन्वय अधिकारी के रूप में कार्य करेगें।

जिला स्तरीय संस्थान द्वारा प्रत्येक व्यवसाय में तीन–चार घण्टे का कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा । इस हेतु जिला समन्वय अधिकारी के द्वारा प्रत्येक व्यवसाय में प्रशिक्षकों की पांच सदस्यों की कमेटी बनाई जायेगी जिसमें दो प्रशिक्षक राजकीय संस्थानों के तथा दो सदस्य प्राईवेट संस्थान से होगें एवं राजकीय संस्थान का समूह अनुदेशक/व. अनुदेशक उसका अध्यक्ष होगा ।

कमेटी द्वारा जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता के एक दिन पूर्व जिला स्तरीय संस्थान पर बैठक आचार्य/अधीक्षक की अध्यक्षता में आहुत की जाकर प्रायोगिक अभ्यास का प्रश्न पत्र बनाया जायेगा तथा उसी अनुरूप संस्थान प्रधान संस्थान के IDF/स्वयं के व्यय से कच्चे माल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाकर नियत तिथि को Qualifier Round को पूर्ण करवाया जायेगा । जिसका RCVET द्वारा राजकीय/निजी संस्थान को पुनर्भरण किया जायेगा ।

प्रथम चरण अर्थात Qualifier Round के 25 छात्र/छात्राओ में प्रति व्यवसाय प्रथम 4 अभ्यर्थी द्वितीय चरण अर्थात Challenger Round में संभाग स्तर पर जायेगें । प्रथम चरण हेतु 4 या 4 से कम अभ्यर्थी उपलब्ध होने पर वे स्वतः ही द्वितीय चरण हेतु पात्र होगें ।

### 3.2 द्वितीय चरण ( Challenger Round संभाग स्तर)

द्वितीय चरण में संभाग समन्वय अधिकारी द्वारा संभागीय मुख्यालय पर स्थित राजकीय संस्थानों में संबधित संभाग के समस्त जिलों के Qualifier Round के 25 छात्र/छात्राओ में प्रथम 4 अभ्यर्थी भाग लेगें । उपनिदेशक(प्रशिक्षण), संबधित क्षैत्रिय कार्यालय इस हेतु संभाग समन्वय अधिकारी के रूप में कार्य करेगें ।

संभाग समन्वय अधिकारी द्वारा प्रत्येक व्यवसाय में तीन–चार घण्टे का कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा । इस हेतु संभागीय मुख्यालय पर स्थित राजकीय संस्थानों में प्रत्येक व्यवसाय में प्रशिक्षकों की पांच सदस्यों की कमेटी बनाई जायेगी जिसमें दो प्रशिक्षक राजकीय संस्थानों के तथा दो सदस्य प्राईवेट संस्थान से होगें एवं राजकीय संस्थान का समूह अनुदेशक/व. अनुदेशक उसका अध्यक्ष होगा ।

कमेटी द्वारा जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता के एक दिन पूर्व संबधित संस्थान में बैठक उपनिदेशक(प्रशिक्षण), संबधित क्षैत्रिय कार्यालय की अध्यक्षता में आहुत की जाकर प्रायोगिक अभ्यास का प्रश्न पत्र बनाया जायेगा तथा उसी अनुरूप संस्थान प्रधान संस्थान के IDF/स्वयं के व्यय से कच्चे माल एवं अन्य व्यवस्थाए सुनिश्चित की जाकर नियत तिथि को Qualifier Round को पूर्ण करवाया जायेगा । जिसका RCVET द्वारा राजकीय/निजी संस्थान को पुनर्भरण किया जायेगा ।

द्वितीय चरण अर्थात Challenger Round के छात्र/छात्राओ में से प्रथम 3 अभ्यर्थी तृतीय चरण अर्थात Skill Icons Round में राज्य स्तर पर जायेगें ।

**3.3 तृतीय चरण (Skill Icons Round) राज्य स्तरीय**

संभाग स्तर पर चयनित प्रत्येक व्यवसाय के प्रथम तीन छात्र/छात्राओं की राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का आयोजन BSDU जयपुर में किया जायेगा ।

राज्य स्तरीय( Skill Icons Round) में राज्य स्तरीय प्रत्येक व्यवसाय की कमेटी द्वारा नियत तिथि पर कौशल प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी तथा प्रत्येक व्यवसाय के प्रथम तीन प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जायेगा ।

तृतीय चरण में भाग लेने वाले प्रतिभागियों हेतु प्राचार्य, राजकीय महिला आई.टी.आई. जयपुर समन्वय अधिकारी के रूप में कार्य करेगें । प्राचार्य राजकीय महिला आई.टी.आई. जयपुर के संस्थान विकास कोष से राज्य स्तरीय प्रतिभागियों को यात्रा भत्ता व अन्य भुगतान प्रतियोगिता के दिन ही करेगें । जिसका RCVET द्वारा राजकीय महिला आई.टी. आई. जयपुर को पुनर्भरण किया जायेगा ।

**4 पारितोषिक वितरण :**

**4.1 जिला स्तर**

जिला स्तर पर मेरिट अनुसार प्रत्येक व्यवसाय में सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जिला स्तरीय प्रमाण पत्र दिया जायेगा । जिला स्तर पर प्रतियोगिता में आए प्रथम चार प्रतिभागियों को जिला स्तरीय सम्मान तथा पारितोषिक दिया जायेगा । इस हेतु जिला स्तरीय संस्थान प्रतियोगिता समाप्ति के पश्चात संस्थान स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित करगें तथा यथा समय सभी संस्थानों के अध्यक्ष/सचिव/आचार्य के समक्ष जिले के सम्मानित प्रतिनिधियों को आमंत्रण कर पुरस्कार/पारितोषिक वितरण करवाएगें ।

**4.2 संभाग स्तर (Challenger Round)**

संभाग स्तर पर Qualifier Round के चयनित प्रत्येक व्यवसाय में सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु संभाग स्तरीय प्रमाण पत्र दिया जायेगा । BSDU जयपुर के पर्यवेक्षक द्वारा संभाग स्तर पर प्रतियोगिता में आए प्रथम 03 प्रतिभागियों को संभाग स्तरीय सम्मान तथा पारितोषिक दिया जायेगा । इस हेतु संस्थान प्रतियोगिता समाप्ति के पश्चात संस्थान स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित करगें तथा यथा समय सभी संस्थानों के अध्यक्ष/सचिव के समक्ष जिले के सम्मानित प्रतिनिधियों को आमंत्रण कर पुरस्कार/पारितोषिक वितरण करवाएगें ।

**4.3 राज्य स्तरीय**

संभाग स्तर पर चयनित प्रत्येक व्यवसाय के प्रथम तीन छात्र/छात्राओं की राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का आयोजन BSDU जयपुर में किया जायेगा ।

BSDU जयपुर द्वारा राज्य स्तर पर प्रत्येक व्यवसाय में प्रथम रहने वाले प्रतिभागी को टोपर घोषित किया जाकर पुरस्कार/पारितोषिक वितरण करवाएगें ।

**5 व्यय :**

जिला/संभाग/राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियो को यात्रा व्यय (अधिकतम रू. 250/–) तथा दैनिक भत्ता प्रत्येक चरण हेतु रू. 250/– एक मुश्त किया जायेगा ।

प्रतिभागियों से संबधित समस्त राजकीय/निजि संस्थान नियमानुसार उपरोक्त देय प्रतिभागियों को देय भत्ते भुगतान विपत्र जिला स्तरीय संस्थान/संभाग स्तरीय संस्थानों को प्रस्तुत करेगें । संबधित राजकीय संस्थान जहां प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, प्रतियोगिता के दिन ही संबधित प्रतिभागी को संस्थान के संस्थान विकास कोष/स्वयं के

माध्यम से भुगतान करेगें तथा समस्त भुगतान प्रमाणन पश्चात RCVET को अग्रेषित कर RCVET से एकमुश्त भुगतान प्राप्त करेगें । समस्त समन्वय अधिकारी प्रतियोगिता के दौरान हुए अन्य व्यय यथा कच्ची सामग्री, परीक्षकों के मानदेय, प्रमाण पत्र अन्य खर्च को प्रमाणन पश्चात RCVET को अग्रेषित कर RCVET से एकमुश्त भुगतान प्राप्त करेगें । राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु प्राचार्य, राजकीय महिला आई.टी.आई. जयपुर पुनर्भरण हेतु खर्च को प्रमाणन पश्चात RCVET को अग्रेषित कर RCVET से एकमुश्त भुगतान प्राप्त करेगें ।

# Rajasthan ITI Skill Olympiad-2019

## समय–सारणी

<table>
<tr><th>क्र. सं.</th><th>चरण का नाम</th><th>स्थान</th><th>प्रतिभागी की अर्हता</th><th>दिनांक</th><th>प्रतिभागियों की संख्या</th><th>परिणाम</th></tr>
<tr><td>1</td><td>Qualifier Round</td><td>जिला स्तरीय राजकीय आईटीआई</td><td>चिन्हित व्यवसायों की जिलेवार मैरिट के प्रथम 25 छात्र (वही प्रशिक्षाणार्थी चयनित होगें जिन्होनें एक ही अवसर में सेमेस्टर परीक्षा उत्तीर्ण की हो व ग्रेस मार्क्स से उत्तीर्ण नहीं हुआ हो) सूची संलग्न है। संलग्न सूची के राजकीय/निजी संस्थानो के प्रतिभागियों को जिला समन्वय अधिकारी अपने स्तर से आमंत्रित करेगें ।</td><td>13-14 June 2019</td><td>25X33X5=4125</td><td>प्रत्येक व्यवसाय के प्रथम चार प्रशिक्षणार्भी संभाग स्तर के चरण हेतु पात्र होगें ।</td></tr>
<tr><td>2</td><td>Challenger Round</td><td>संभाग स्तरीय राजकीय आईटीआई</td><td>Qualifier Round से चयनित समस्त जिलों के चिन्हित व्यवसायों के प्रत्येक जिले से 4 प्रशिक्षाणार्थी जिसकी सूची जिला समन्वय अधिकारी संभाग समन्वय अधिकारी को प्रेषित कर प्रतिभागियों सूचित करेगें</td><td>18-19 June 2019</td><td><table>
<tr><th>संभाग</th><th>जिलों की सं.</th><th>कुल प्रतिभागियों की सं.</th></tr>
<tr><td>जोधपुर</td><td>06X04</td><td>24</td></tr>
<tr><td>उदयपुर</td><td>06X04</td><td>24</td></tr>
<tr><td>जयपुर</td><td>05X04</td><td>20</td></tr>
<tr><td>अजमेर</td><td>04X04</td><td>16</td></tr>
<tr><td>कोटा</td><td>04X04</td><td>16</td></tr>
<tr><td>बीकानेर</td><td>04X04</td><td>16</td></tr>
<tr><td>भरतपुर</td><td>04X04</td><td>16</td></tr>
<tr><td colspan="2">कुल योग</td><td>132</td></tr>
<tr><td colspan="3">चिन्हित 5 व्यवसायों हेतु 05X132=660</td></tr>
</table></td><td>प्रत्येक व्यवसाय के प्रथम 3 स्थान पर रहने वाले प्रशिक्षणार्थी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु पात्र होगें ।</td></tr>
<tr><td>3</td><td>Skill Icons Round</td><td>राज्य स्तरीय BSDU Jaipur</td><td>Challenger Round से चयनित समस्त संभागों के चिन्हित व्यवसायों के प्रत्येक संभाग से 3 प्रशिक्षाणार्थी प्रति व्यवसाय के संभाग समन्वय अधिकारी राज्य स्तर हेतु सूची BSDU को भिजवायेगें तथा प्रतिभागीयों को भी सूचित करेगें।</td><td>24-25 June 2019</td><td>प्रत्येक व्यवसाय हेतु 03X07=21<br>चिन्हित 5 व्यवसायों हेतु 05X21=105</td><td>21 प्रशिक्षाणार्थियों में से प्रथम स्थान पर रहने वाला राज्य स्तरीय पर रहने वाला प्रतिभागी टोपर घोषित किया जायेगा</td></tr>
</table>

# LIST OF CANDIDATES SELECTED FOR QUALIFIER ROUND OF RAJASTHAN SKILL OLYMPIAD- 2019

| Trade | Institute Name | Trainee Name | Father's Name |
|---|---|---|---|
| ELECTRICIAN | ARAVALI PVT. ITI, NEEM KA THANA (SIKAR) | RAHUL YOGI | SH. RAJ KUMAR YOGI |
| | ARAVALI PVT. ITI, NEEM KA THANA (SIKAR) | DEEPAK JANGIR | SH. MUKESH KUMAR JANGIR |
| | NEW ARAWALI PVT. ITI, NEEM KA THANA, SIKAR | MS. MAMTA SAINI | SH. NARU RAM |
| | NEW ARAWALI PVT. ITI, NEEM KA THANA, SIKAR | SUNIL SAINI | SULTAN RAM SAINI |
| | NEW ARAWALI PVT. ITI, NEEM KA THANA, SIKAR | MS. SONIA SAINI | SH. MOHAR SINGH |
| | NEW ARAWALI PVT. ITI, NEEM KA THANA, SIKAR | SURENDRA KUMAR SAINI | SH. MOHAR SINGH |
| | NEW ARAWALI PVT. ITI, NEEM KA THANA, SIKAR | VINOD SAINI | SH. SUBHASH CHAND SAINI |
| | NEW ARAWALI PVT. ITI, NEEM KA THANA, SIKAR | VIKASH POONIA | SH. RAJENDRA PRASAD |
| | NEW ARAWALI PVT. ITI, NEEM KA THANA, SIKAR | SUNIL KUMAR SAINI | SH. MOHAR CHAND SAINI |
| FITTER | ARAVALI PVT. ITI, NEEM KA THANA (SIKAR) | KULDEEP SINGH | SH. BHUPENDRA SINGH |
| | ARAVALI PVT. ITI, NEEM KA THANA (SIKAR) | SARJEET SINGH | SH. RAMSAWAROOP |
| | ARAVALI PVT. ITI, NEEM KA THANA (SIKAR) | GAJARAJ SINGH | SH. UMMED SINGH |
| | ARAVALI PVT. ITI, NEEM KA THANA (SIKAR) | NARENDRA GAHLOT | SH. HAWA SINGH GAHLOT |
| | ARAVALI PVT. ITI, NEEM KA THANA (SIKAR) | DEVENDRA SINGH | SH. SHIVRAJ SINGH |

**"नोट:- नीमकाथाना परिक्षेत्र में अरावली आईटीआई के अलावा किसी आईटीआई के एक भी प्रशिक्षु का राजस्थान स्किल ओलिंपियाड – 2019 में चयन नहीं हुआ।"**